धुएं के अलार्म: ये कानूनी रूप से जरूरी हैं

यदि आपके घर में आग लग जाए ... तो बाहर निकल जाएं। बाहर ही रहें। तुरंत 9-1-1 पर फोन करें।

अपने घर की प्रत्येक मंज़िल पर और सोने वाले सभी हिस्सों के बाहर धुएं के चालू अलार्म लगवाएं। यह मकान मालिकों की जिम्मेदारी है कि धुएं के अलार्म इंस्टॉल किए जाएं और उनकी देखरेख की जाए। यह सुनिश्चित करना भी मकान मालिकों की जिम्मेदारी है कि उनकी किराए वाली प्रॉपर्टीज पर भी कानून का पालन किया जा रहा है।

किराए के घर में रहने वालों के लिए यह आवश्यक है कि वे जितनी जल्दी हो सके, मकान मालिक को सूचना दें, जैसे ही उन्हें निम्नलिखित बातों का पता चले:

- उनके घर में धुएं का अलार्म डिस्कनेक्ट हो गया हो।
- उनके घर में धुएं का अलार्म चल नहीं रहा है या खराब है।

किराएदारों के लिए आवश्यक है कि वे धुएं के अलार्म डिसेबल न करें। यह कानून के खिलाफ है!

अतिरिक्त सुरक्षा के लिए, सभी बेडरूम्स में धुएं के अलार्म इंस्टॉल करें।

महीने में एक बार, धुएं के अलार्मों के टेस्ट बटन को दबाकर रखते हुए उनका टेस्ट करें।

बैटरियों को वर्ष में कम से कम एक बार या अलार्म के चीं-चीं की आवाज़ करने पर बदलें। ऐसे अलार्मों का प्रयोग करने के बारे में सोचें, जिनकी चिंता-मुक्त 10 वर्ष चलने वाली लिथियम बैटरी हो।

10 वर्ष से अधिक पुराने धुएं के अलार्म को बदलें, जिसमें हार्डवायर्ड/इलेक्ट्रिकल अलार्म भी शामिल हैं।

जब संभव हो, तो इंटरकनेक्टिड धुएं के अलार्म इंस्टॉल करें। जब एक आवाज़ करे, तो वे सभी आवाज़ करें, ताकि घर में प्रत्येक मंज़िल पर रहने वालों को सचेत किया जा सके।

इंटरकनेक्टिड धुएं के अलार्म बदलते समय, यह सलाह दी जाती है कि सिस्टम में मौजूद सभी यूनिटों को एक ही बार में बदलें। यदि आपको एक खराब अलार्म को बदलने की जरूरत है, तो सुनिश्चित करें कि नया अलार्म, मौजूदा यूनिटों के साथ अनुकूल है।

यदि आपका धुएं का अलार्म, आपके द्वारा भोजन बनाते समय बार-बार एक्टिवेट होता है, तो बैटरी या अलार्म न हटाएं। अलार्म को किसी और जगह पर लगाने या फोटोइलेक्ट्रिक यूनिट से बदलने के बारे में सोचें।

ऐसे धुएं के अलार्म और डिवाइसें इंस्टॉल करें, जो उन लोगों की जरूरतों को पूरा करते हों, जिन्हें सुनने संबंधी विकार है या सुनने में परेशानी है। ऐसी डिवाइसों में शामिल हैं, विज़ुअल चेतावनियों के लिए फ्लैशिंग स्ट्रोब लाइट्स और स्टैंडर्ड धुएं के अलार्म की आवाज़ से एक्टिवेट होने वाला तकिया या बेड शेकर।

905.458.5580
bramptonfire.com
firelife@brampton.ca
BramptonFire
@BramptonFireES

BRAMPTON FIRE EMERGENCY SERVICES

धुएं के अलार्म: ये कानूनी रूप से जरूरी हैं

उन्हें खरीदें – उन्हें इंस्टॉल करें – उन्हें टेस्ट करें

मुझे अपना धुएं का अलार्म कहां इंस्टॉल करना चाहिए?

धुएं के अलार्म को छत पर या इसके आसपास या निर्माता के इंस्टॉलेशन निर्देशों में दिए मुताबिक इंस्टॉल करें।



धुएं के अलार्म छतों पर या इनके आसपास इंस्टॉल करने होते हैं, डेड एयर स्पेस के अंदर नहीं

यदि आप गलत जगह पर धुएं का अलार्म इंस्टॉल करते हैं, तो धुएं के लिए इसकी प्रतिक्रिया देरी से हो सकती है या हो सकता है कि अलार्म की आवाज ही न आए।

905.458.5580

bramptonfire.com
firelife@brampton.ca

BramptonFire
@BramptonFireES

BRAMPTON